Divya Himachal 15-06-2026

64 केंद्रों पर हुआ जेबीटी-संस्कृत टेट

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की जेबीटी टेट और टीजीटी संस्कृत टेट की लिखित परीक्षा रविवार को प्रदेश भर के परीक्षा केंद्रो में सुबह और शाम के सत्र में आयोजित की गई। जेबीटी टेट की परीक्षा 64 परीक्षा केंद्रो में और टीजीटी संस्कृत टेट की परीक्षा 39 परीक्षा केंद्रो में आयोजित की गई। हमीरपुर जिला मुख्यालय स्थित पीएमश्री शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर की बात करें, तो यहां पर जेबीटी टेट की लिखित परीक्षा को लेकर 212 अभ्यार्थियों को कॉल लेटर जारी किए गए थे।इनमें से 203 अभ्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। यह परीक्षा सुबह 10 से लेकर 12:30 बजे तक हुई। इसके अलावा शाम के सत्र में टीजीटी संस्कृत टेट की परीक्षा के लिए 43 अभ्यर्थियो को कॉल लेटर जारी किए गए थे। इनमें से 36 अभ्यर्थी ही परीक्षा देने पहुंचे।

Divya Himachal 15-06-2026

12वीं कक्षा की री-इवैल्यूएशन आज से

स्कूल शिक्षा बोर्ड के निर्देश, कांगड़ा में दो स्कूलों में चलेगी प्रक्रिया

नगर संवाददाता- धर्मशाला

स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा मार्च 2026 में ली गई 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया सोमवार से शुरू होने जा रही है। इस संबंध में उपनिदेशक स्कूल शिक्षा (माध्यमिक) कांगड़ा, अजय संबयाल द्वारा आधिकारिक आदेश जारी किया गया है। यह आदेश हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डा. (मेजर) विशाल शर्मा द्वारा जारी किए गए आधिकारिक पत्र के संदर्भ में अमल में लाया गया है। बोर्ड सचिव के पत्र के अनुपालन में, उपनिदेशक कार्यालय ने जिले के सभी संबंधित सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया है कि वे सूची में शामिल शिक्षकों को तुरंत उनके कर्तव्यों से कार्यमुक्त करें, ताकि मूल्यांकन कार्य समय पर शुरू हो सके। इस बार पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया को सुचारू और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए कांगड़ा में दो प्रमुख स्थल पुनर्मूल्यांकन केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें पहला केंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल), नगरोटा बगवां और दूसरा केंद्र जीएवी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, कांगड़ा को बनाया गया है। ड्यूटी रोस्टर सूची के अनुसार, दोनों केंद्रों पर अलग-अलग विषयों के प्रवक्ताओं की तैनाती की गई है। जीएवी कांगड़ा केंद्र में मुख्य रूप से गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, वाणिज्य, कंप्यूटर साइंस और समाजशास्त्र जैसे विषयों के मूल्यांकन के लिए शिक्षकों को नियुक्त किया गया है। वहीं राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नगरोटा बगवां केंद्र में इतिहास, गणित, भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, अंग्रेजी, हिंदी, राजनीति विज्ञान, संस्कृत, भूगोल और शारीरिक शिक्षा के मूल्यांकन का कार्य होगा। इसके अलावा, नगरोटा बगवां केंद्र में कम्प्यूटर साइंस की कॉपियों की जांच के लिए भी विशेषज्ञ शिक्षक तैनात किए गए हैं।

Amar Ujala 15-06-2026

डीएलएड सीईटी 17 को, 9,984 अभ्यर्थियों को भेजे एडमिट कार्ड

हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड ने प्रदेश में बनाए 67 परीक्षा केंद्र

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) सत्र 2026-28 के लिए होने वाली कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (डीएलएड सीईटी-2026) की परीक्षा 17 जून को होगी।

इस परीक्षा के लिए स्कूल शिक्षा बोर्ड ने प्रदेशभर में 67 परीक्षा केंद्रों में होगी। स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि परीक्षा के लिए कुल 11,164 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से जांच के बाद 9,984 आवेदन सही पाए गए हैं। पात्र अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट पर डीएलएड सीईटी-2026 लिंक के माध्यम से अपना एप्लीकेशन नंबर और जन्म तिथि दर्ज कर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। ब्यूरो

Amar Ujala 15-06-2026

स्कूल शिक्षा बोर्ड लॉन्च करेगा कॅरिअर गाइडेंस एप

विषय चुनने के लिए जागरूक किए जाएंगे विद्यार्थी

विपिन चौधरी

धर्मशाला। स्कूल शिक्षा बोर्ड जल्द ही विद्यार्थियों के लिए कॅरिअर गाइडेंस एप लॉन्च करने जा रहा है। इस एप के माध्यम से 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों, कॅरिअर विकल्पों और उच्च शिक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध करवाई जाएगी।

बोर्ड का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल पारंपरिक विषयों और पाठ्यक्रमों तक सीमित न रखते हुए विभिन्न व्यावसायिक, तकनीकी और रोजगारोन्मुखी कोर्सों के प्रति भी जागरूक करना है।

एप में विषय चयन, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास कार्यक्रमों तथा उच्च शिक्षण संस्थानों से संबंधित जानकारी उपलब्ध रहेगी। बोर्ड अधिकारियों के अनुसार कई विद्यार्थी उचित मार्गदर्शन के अभाव में अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप विषयों एवं कॅरिअर का चयन नहीं कर पाते हैं। ऐसे में यह एप उन्हें सही समय पर आवश्यक जानकारी और परामर्श उपलब्ध कराने में सहायक बनेगा।

स्कूल शिक्षा बोर्ड एक निशुल्क कॅरिअर गाइडेंस एप को लॉन्च करने जा रहा है। इस एप के माध्यम से 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए कॅरिअर से लेकर अन्य कई प्रकार की विभिन्न जानकारियां निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी। इसके चलते विद्यार्थियों को जहां अपनी पढ़ाई करने के बाद का पूरा मार्गदर्शन मिलेगा। **- डॉ. मेजर विशाल शर्मा, सचिव, स्कूल शिक्षा बोर्ड**